होटल प्रबन्ध संस्थान, लखनऊ

पत्रांक: 624 | ए II - 4 / 2021-22

दिनांक 5/10/21

दशमोत्तर छात्रवृत्ति सूचना

बी0एस0सी0, एम0एस0सी0 एवं डिप्लोमा के सभी छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि जो छात्र/छात्राएँ उत्तर प्रदेश में निवास कर रहे हैं तथा उनके माता-पिता की आय अत्यधिक कम है, वे लोग छात्रवृत्ति का फार्म भर सकते हैं। फार्म भरने के लिए वेबसाइट www.scholarship.up.gov.in पर जाकर अपना फार्म भर सकते हैं।

छात्रवृति फार्म भरने हेतु निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता है-

1. आय प्रमाण पत्र और ऑनलाइन प्रमाणित प्रतिलिपि
2. निवास प्रमाण पत्र और ऑनलाइन प्रमाणित प्रतिलिपि
3. जाति प्रमाण पत्र और ऑनलाइन प्रमाणित प्रतिलिपि
4. आधार कार्ड प्रतिलिपि
5. बैंक खाता संख्या (आधार संख्या से जुड़ा हुआ होना चाहिए)
6. हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट की प्रमाण पत्र, अंकतालिका सहित

नोट-

केवल प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राओं **(Fresh Students)** के लिए ऑनलाइन आवेदन करेंगे परंतु द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र/छात्राएँ केवल **नवीकरण** (Renewal) करेगें।

I. वर्तमान पाठ्यक्रम के विश्वविद्यालय/बोर्ड का नाम- NATIONAL COUNCIL FOR HOTEL MANAGEMENT AND CATERING TECHNOLOGY, GAUTAMBUDHNAGAR हैं।

II. सभी छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि ***आय प्रमाण पत्र संख्या, निवास प्रमाण पत्र संख्या, जाति प्रमाण पत्र संख्या, आधार संख्या, एवं बैंक खाता संख्या ध्यानपूर्वक भरें।*** गलत होने पर **छात्र/छात्राएँ स्वयं जिम्मेदार होंगे।**

III. पाठ्यक्रम का प्रकार- **"नियमित"** है।

IV. जो छात्र/छात्राएँ **पहले स्नातक करके आये** हैं या स्नातक प्रथम वर्ष करने के बाद छोड़ा हो और वह पहले छात्रवृति का फॉर्म भरे थे,वो फार्म न भरें।

छात्रवृति के लिए फीस का विवरण-

पाठ्यक्रम	बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष	बी0एस0सी0 द्वितीय वर्ष	बी0एस0सी 0 तृतीय वर्ष	डिप्लोमा फूड प्रोडक्शन	डिप्लोमा बेकरी और कन्फेक्शनरी	डिप्लोमा एफ एण्ड बी सर्विस	एम0 एस0 सी0 प्रथम वर्ष	एम0 एस0 सी0 द्वितीय वर्ष
नॉन रिफंडेबल शुल्क	रू0 114810/-	रू0 113380/-	रू0 127180/-	रू0 38900/-	रू0 38900/-	रू0 30900/-	रू0 113750/-	रू0 112550/-

प्रधानाचार्य प्र०

होटल प्रबन्ध, खान-पान प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयुक्त पोषाहार संस्थान
सेक्टर-जी, अलीगंज, लखनऊ (उ0प्र0), भारत - 226 024, फोन :- 91-522-4077414, 4077415
E-mail : ihmlucknow@gmail.com, URL : www.ihmlucknow.com

होटल प्रबन्ध संस्थान, लखनऊ

पत्रांक संख्या: 623/प्रा-4/2021-22 दिनांक 04-10-2021

छात्रवृत्ति सम्बंधित अति आवश्यक सूचना

सभी छात्र छात्राओं को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार /राज्य सरकार द्वारा छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत छात्रों के आधार नंबर का ऑथेंटिकेशन (authentication) होने के पश्चात ही ऑनलाइन आवेदन किए जाने की व्यवस्था की जा रही है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत वित्तीय वर्ष(financial year) 2021- 22 से छात्रों के आवेदन पत्र आधार नंबर ऑनलाइन वेरीफिकेशन भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) से कराने के पश्चात सबमिट किए जाने की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही आधार बेस्ड भुगतान की प्रक्रिया भी इस वर्ष से प्रारंभ की जाएगी। आधार बेस भुगतान की प्रक्रिया के अंतर्गत विद्यार्थियों के आधार नंबर से लिंक/ सीडेड बैंक खाते में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति(scholarship and fee reimbursement) की धनराशि अंतरित की जाएगी।छात्रों का बैंक खाता जिस बैंक में खुला होगा वह बैंक पी एफ एम एस (public financial management system) से मैप होना चाहिए। विद्यार्थियों के स्तर पर निम्नांकित कार्यवाही की जानी चाहिए-

(१)सभी छात्रों के पास आधार कार्ड उपलब्ध होना चाहिए, जिन छात्रों के पास आधार कार्ड नहीं है उन्हें प्रत्येक दशा में आधार कार्ड बनवा लेना चाहिए।

(२) जिन छात्रों के पास आधार कार्ड उपलब्ध है ,वे आधार नंबर को अपने मोबाइल नंबर एवं राष्ट्रीयकृत /ग्रामीण बैंक में खुले बैंक खातों से लिंक/सीड करा लेना चाहिए।

(३) हाई स्कूल अंकपत्र/ प्रमाण पत्र में अंकित अपना नाम तथा अपने माता- पिता/ पति के नाम के अनुरूप ही आधार कार्ड में अपना व माता- पिता/ पति का नाम अपडेट करा लेना चाहिए।

ihm LUCKNOW
होटल प्रबन्ध, खान-पान प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयुक्त पोषाहार संस्थान
सेक्टर-जी, अलीगंज, लखनऊ (उ0प्र0), भारत – 226 024, फोन :– 91-522-4077414, 4077415
E-mail : ihmlucknow@gmail.com, URL : www.ihmlucknow.com

(४) हाई स्कूल अंकपत्र/ प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि को आधार कार्ड में अपडेट करा लेना चाहिए। दोनों में एक ही जन्म तिथि अंकित होनी चाहिए।

(५) आधार कार्ड में यदि लिंग(gender) गलत है तो उसको शुद्ध करा लेना चाहिए। यदि कोई छात्र/ छात्रा अपना आधार अपडेट नहीं कराता/ कराती है तो इस वित्तीय वर्ष में छात्रवृत्ति का ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकेगा/ सकेगी।

(६) विद्यार्थियों द्वारा भरे गए आधार नंबर, विद्यार्थी का नाम, पिता/ पति का नाम, लिंग तथा जन्मतिथि का सत्यापन होने के पश्चात आधार नंबर से लिंक मोबाइल नंबर पर ओ०टी०पी० भेजा जाएगा। उक्त ओ०टी०पी० को आवेदन पत्र में भरने के उपरांत आवेदन पत्र सबमिट किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त इस वित्तीय वर्ष में scholarship.up.nic.in के स्थान पर वेबसाइट परिवर्तित होकर scholarship.up.gov.in हो गई है। सभी नए वेबसाइट का उपयोग करने का कष्ट करें।

प्रधानाचार्य प्र0

प्रतिलिपि

छात्र नोटिस बोर्ड/ वेबसाईट/स्कालरशिप फाइल

प्रधानाचार्य प्र0